पेज थ्री देहरादून

देहरादून, बृहस्पतिवार 27 फरवरी, 2020 पेज 8

# हमारा दून

पत्रकार वार्ता के दौरान रघुनाथ सिंह नेगी।



## ढैंचा बीज घोटाले मामले में मोर्चा सुको में दाखिल करेगा रिव्यू: नेगी

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमन्त्री त्रिवेन्द्र रावत ने वर्ष 2010 में कृषि मन्त्री रहते हुए ढैंचा बीज घोटाले को अन्जाम दिया था, जिसको लेकर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गयी थी, जिसको उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था। उक्त फैसले के खिलाफ मोर्चा द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में एस0एल0पी0 योजित की गयी, जिसको सर्वोच्च न्यायालय ने यह कहकर खारिज कर दिया कि मामले में अत्याधिक विलम्ब किया गया है व पूर्व में पारित उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं है। पत्रकार वार्ता में नेगी ने कहा कि इस घोटाले की जाँच को लेकर पूर्ववर्ती सरकार ने वर्ष 2013 में एकल सदस्यीय एससी त्रिपाठी जॉच आयोग का गठन किया था। आयोग द्वारा उक्त मामले में त्रिवेन्द्र रावत को तीन बिन्दुओं पर दोषी पाया, जिसमें कृषि अधिकारियों का निलम्बन और फिर इस आदेश को पलटना, सचिव, कृषि द्वारा मामले की जॉच विजीलेंस से कराये जाने के प्रस्ताव पर अस्वीकृति दर्शाना तथा बीज डिमांड प्रक्रिया सुनिश्चित किये बिना अनुमोदन करना।

# उत्तराखंड में वेलनेस उद्योग का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता

**वेलनेस समिट**

■ कोच्चि ने की उत्तराखंड वेलनेस समिट रोड शो की मेजबानी, वेलनेस एंड टूरिज्म में निवेश पर जोर

**संवाददाता**

देहरादून। मुंबई और दिल्ली में रोड शो की अपार सफलता के बाद, कोच्चि ने उत्तराखंड वेलनेस समिट–2020 'के रोड शो की मेजबानी की और वेलनेस सेक्टर में निवेश पर जोर दिया। उत्तराखंड सरकार के माननीय आयुष और आयुष शिक्षा मंत्री, श्री हरक सिंह रावत ने इस शिखर सम्मेलन व रोड शो की अध्यक्षता की। देवभूमि की तरक्की पर प्रकाश डालते हुए, माननीय मंत्री ने हिमालय पर्वतमाला में प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता और कल्याण उद्योग में विकास की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने उत्तराखंड सरकार द्वारा निजी निवेशकों और उद्यमियों को आकर्षित करने के लिए किए गए प्रयासों और पहलों पर प्रकाश डाला, और निजी क्षेत्र की परियोजनाओं को गति, धन और विकास के लिए प्रमुख क्षेत्रों में से एक श्वेलनेस को नामित किया। उन्होंने कहा, ष्हम निजी निवेशों के माध्यम से आयुष स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास और उन्नयन को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली और वेलनेस की अवधारणा में शरीर का सही शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन शामिल है।

"बेहतर उपचार से बेहतर स्वास्थ्य का पालन युवाओं और बुजुर्गों के एक बड़े समूह ने भी किया है। ऑर्गेनिक फूड ने भारत में लोगों की जीवनशैली में सुधार किया है और यह देश अब वेलनेस पहलों में सबसे आगे है। हिमालय की हर्बल उत्पादों के औषधीय मूल्यों का लोहा दुनिया ने माना है, क्योंकि वे स्वस्थ जीवन जीने के तरीके, दवा की आधुनिक एलोपैथिक प्रणाली से बचने और दिनचर्या में भारतीय जीवनशैली के तरीकों को अपनाने में कारगर हैं। भारत को आयुर्वेद, योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के मामले में विश्व नेता के रूप में नामित होने का गौरव प्राप्त है।

उत्तराखंड राज्य अब विश्व मं योग की वैश्विक राजधानी बनने का इच्छुक है।" भारतीय उद्योग परिसंघ, सीआईआई, इस शिखर सम्मेलन का आधिकारिक नेशनल पार्टनर है, साथ ही 'अर्न्स्ट एंड यंग' नॉलेज पार्टनर है। उन्होंने आगे कहा कि उत्तराखंड में जल्द ही ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर एक्टश् लागू होगा। 'सिक्किम के बाद उत्तराखंड दूसरा पूर्णतः जैविक राज्य होगा।



**उत्तराखंड को जल्द मिलेगा "जैविक कृषि अधिनियम"**

स्वदेशी ऑर्गेनिक उत्पादों की खेती करने के लिए मजबूत बल देगा। यह उत्तराखंड में लगभग 10,000 जैविक समूहों के विकास को प्रोत्साहित करेगा। केंद्र सरकार ने भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 100: प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को मंजूरी दी है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जो 30 वर्षों के लिए कृषि भूमि को पट्टे पर देने की नीति के साथ आया है।

# चारधाम के डिजीटल दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु

**पहल**

■ उत्तराखण्ड के प्रमुख धार्मिक स्थलों से आरती का होगा लाइव प्रसारण

देहरादून। **संवाददाता**

जल्द ही दुनियाभर के श्रद्धालु जो कि किन्हीं कारणों से देवभूमि नहीं आ पाते हैं, यहां के चार धाम सहित अन्य प्रमुख मंदिरों और धार्मिक स्थलों के ऑनलाईन दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए जिओ, एक डिजीटल प्लेटफार्म तैयार करेगा। केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री सहित अन्य धार्मिक स्थलों का दर्शन किया जा सकेगा। उत्तराखण्ड में हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इनके अलावा लाखों लोग ऐसे भी हैं जो कि पूरी श्रद्धा होने पर भी किन्हीं कारणों से नही आ पाते हैं। ऐसे लोग भी चारधाम सहित देवभूमि उत्तराखण्ड में स्थित अन्य मंदिरों के दर्शन लाभ कर सकें, इसके लिए उत्तराखण्ड सरकार, जिओ के सहयोग से ऑनलाईन व्यवस्था करने जा रही है। जिओ, डिजीटल प्लेटफार्म तैयार कर उत्तराखण्ड सरकार को उपलब्ध करवाएगा।

गौरतलब है कि इन्वेस्टर्स समिट से पहले, अगस्त 2018 में मुम्बई में आयोजित रोड़ शो के दौरान मुकेश अम्बानी ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से भेंट कर डिजीटल उत्तराखण्ड के लिए नेट कनेक्टीवीटी में सहयोग का प्रस्ताव दिया था। इसी क्रम में जिओ ने फाईबर कनेक्टीवीटी पर काम किया। लगभग 89 प्रतिशत काम किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, "चार धाम और दूसरे प्रमुख मंदिरों के लाईन दर्शन से दुनिया भर के लोग उत्तराखण्ड की आध्यात्मिकता से परिचित होंगे। शारीरिक अस्वस्थता या अन्य दूसरे कारणों से आने में असमर्थ श्रद्धालु, चारधाम का दर्शन लाभ कर सकेंगे।"

**जिओ उपलब्ध करवाएगा डिजीटल प्लेटफार्म**

राज्य सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं के बाद, पिछले वर्ष रिकार्ड संख्या में श्रद्धालु चार धाम और हेमकुण्ड साहिब आए थे। आल वेदर रोड़ और ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाईन परियोजना बनने के बाद एक करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इतने बड़े स्तर पर व्यवस्थाएं करने के लिए चारधाम देवस्थानम बोर्ड बनाया गया है। चारधाम देवस्थानम बोर्ड के बाद, डिजीटल प्लेटफार्म पर चारधाम के दर्शनलाभ की उपलब्धता, उत्तराखंड की आध्यात्मिकता को देश विदेश के श्रद्धालुओं तक पहुंचाने में बहुत बड़ी पहल होगी।

## कूड़ा निस्तारण केंद्र के विरोध में धरना–प्रदर्शन जारी

**(संवाददाता)** देहरादून। शीशमबाड़ा कूड़ा निस्तारण केन्द्र के विरोध में धरना 143वे दिन भी जारी रहा वही 59 दिनों से केन्द्र के विरोध में रात दिन धरना दे रहे राजेश शर्मा की तबीयत ज्यादा खराब हो गयी। आंदोलनकारियों ने कहा कि कूड़ा निस्तारण केन्द्र के पास 59 दिनो से बैठे हुए राजेश शर्मा के स्वास्थ्य पर अब निस्तारण केन्द्र की जहरीली हवा और दुर्गंध प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। लेकिन शासन प्रशासन ने अभी तक कोई सुध नही ली है जिससे आंदोलनकारियों और ग्रामीणों में शासन प्रशासन के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है। ग्रामीणो ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझ कर लोगो के जीवन से खिलवाड़ कर रही है। ग्रामीणो ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार प्लांट को अन्यत्रा शिफ्रट नही करती है तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### योगा महोत्सव 1 से 7 मार्च तक

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तराखण्ड शासन द्वारा पर्यटन विभाग के समन्वय से राज्य में पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित एवं प्रचारित करने तथा इस क्षेत्र में निवेशकों को आकर्षित करने हेतु राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत जनपद देहरादून के ऋषिकेश में 01 मार्च से 07 मार्च तक योगा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा कार्यकारी अधिकारी उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद गढीकैंट, देहरादून को कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

### छात्र–छात्राओं को वनाग्नि सुरक्षा की जानकारी दी

**(संवाददाता)** विकासनगर। अग्नि सुरक्षा अभियान के तहत कालसी ब्लाक के हाईस्कूल दातनू में वन विभाग की ओर से आयोजित गोष्ठी शिक्षकों ने छात्र–छात्राओं को वनाग्नि सुरक्षा की जानकारी दी और वनों को आग से बचाने की अपील की। गोष्ठी में शिक्षक हेमंत कठैत ने छात्र–छात्राओं को वनाग्नि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वन हमारी कीमती संपदा है। इसलिए इस कीमती संपदा की सुरक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। बताया कि जंगलों में आग लगने से वन संपदा के साथ–साथ वन्यजीवों और मनुष्य को भी नुकसान होता है।

### एसोसिएशन की बैठक में पुरानी पेंशन बहाली की मांग जोर–शोर से उठी

**(संवाददाता)** विकासनगर। एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल आफिसर्स एसोसिएशन का राजकीय इंटर कालेज हरबर्टपुर में ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय अधिवेशन में पुरानी पेंशन बहाली की मांग जोर–शोर से उठी। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार ने पुरानी पेंशन योजना बंद कर उनके आर्थिक हितों पर कुठाराघात करने का काम किया है। उन्होंने इसके लिए आंदोलन करने का निर्णय लिया।

## पालिकाध्यक्ष ने केसरबाग क्षेत्र में सुनीं जनसमस्याएं

**संवाददाता** विकासनगर। नगरपालिका परिषद विकासनगर की पालिकाध्यक्ष शांति जुवांठा ने विकासनगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं. 5 केसरबाग का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है। पालिकाध्यक्ष के द्वारा नये सम्मिलित क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा वार्ड नं. 5 केसरबाग में दो–तीन स्थानों पर पुलिया टूटी हुई पाई गई जिसको लोगों ने शीघ्र दुरूस्त करवाने को पालिकाध्यक्ष से आग्रह किया। वहीं स्थानीय लोगों ने कहा कि कूड़े के वाहन घर घर से कूड़ा एकत्र का कार्य भी सुचारू रूप से कर रहे हैं। इस मोके पर वार्ड सभासद व स्थानीय लोग मौजूद थे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।